IIM: सेना के रिटायर्ड अफसर सीखेंगे सप्लाई चेन एंड मैनेजमेंट

CB BREAKING

हिमांशु शर्मा. रायपुर

सेना से रिटायर्ड हो चुके अफसर अब सप्लाई चेन एंड मैनेजमेंट का पाठ पढ़ेंगे। ऐसे अफसरों के लिए आईआईएम रायपुर ने रक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर 6 महीने का सर्टिफिकेट कोर्स लॉन्च कर रही है। इस कोर्स के लिए 30 सीट निर्धारित है और पहले ही बैच की सभी सीटें फुल हो चुकी है। आईआईएम प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार पहले बैच के लिए 30 ऑफिसर्स ने अप्लाई किया है। ये सभी नेवी के अफसर हैं। नए साल पर 4 जनवरी को यह कोर्स लॉन्च किया जाएगा। इस दौरान आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. राम कुमार काकानी, प्रो. एम कन्नधासन, प्रो. आनंद कुमार, कर्नल (डॉ.) हरिंद्र त्रिपाठी, वी साई मौजूद रहेंगे।

आईआईएम के प्रोफेसर मूनल पी चावड़ा ने बताया कि पहली बार आईआईएम रायपुर डिफेंस के साथ मिलकर कार्य करेगा। 6 महीने के इस सर्टिफिकेट कोर्स के तहत रोजाना क्लासेस लगाई जाएगी। इसकी टाइमिंग सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। इस कोर्स में नेवी, एयरफोर्स और आर्मी के लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक के रिटायर्ड ऑफिसर्स शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि ये कोर्स उनके लिए है, जो या तो रिटायर्ड हो चुके हैं या फिर जिन्होंने वीआरएस लिया है।

इसलिए लॉन्च किया गया कोर्स

प्रोफेसर चावड़ा ने बताया कि फोर्स से जुड़े अफसर वीआरएस ले लेते हैं। ऐसे अफसर कॉर्पोरेट कल्चर के लिए काफी अच्छे होते हैं। क्योंकि इनमें डिसिप्लिन गजब का होता है। कॉर्पोरेट सेक्टर में ऐसे मैनपावर की काफी डिमांड होती है। यही कारण है कि हमने डिफेंस सेक्टर से रिटायर हो चुके या वीआरएस ले चुके ऑफिसर्स के लिए सप्लाई चेन एंड मैनेजमेंट कोर्स लॉन्च किया है।

IAS और IPS के लिए भी प्रोग्राम

आईआईएम रायपुर इसके पहले भी स्पेशल प्रोग्राम शुरू कर चुकी है। दिसंबर 2023 में ही आईआईएम ने आईएएस, आईपीएस के साथ ही यूपीएससी के जरिए सलेक्ट होने वाले अफसरों के लिए पीएचडी इन प्रैक्टिस ट्रेक प्रोग्राम शुरू किया है। इस प्रोग्राम में कॉरपोरेट सेक्टर के उच्च अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार इस प्रोग्राम में शामिल होने के लिए कम से कम 10 साल का अनुभव होना जरूरी है। इसके अलावा आईआईएम में अलग-अलग फील्ड के वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए भी कई प्रोग्राम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें से ज्यादातर कोर्सेस ऑनलाइन मोड पर संचालित हो रही है। हालांकि इसमें कुछ टाइम के लिए कैंपस क्लास भी जरूरी है।

Dainik Bhasker(City Bhasker),31st December,2023,P.02